# प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया

## कार्यालय आदेश

कार्यालय आदेश ज्ञापांक 14/सी0 दिनांक 02.02.2026 द्वारा प्रत्येक मंगलवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे प्रमंडलीय स्तर के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की जा रही है। उक्त बैठक हेतु सभी प्रमंडल स्तरीय पदाधिकारी जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निमित्त जिला प्रशासन से संबंधित यदि कोई समस्या है तो तत्संबंधी प्रतिवेदन आयुक्त कार्यालय को समर्पित करेंगे अन्यथा शून्य प्रतिवेदन समर्पित करेंगे। उक्त बैठक के प्रभावी संचालन एवं समुचित समीक्षा हेतु सभी संबंधित कार्यालयों से साप्ताहिक प्रतिवेदन प्रत्येक शुक्रवार तक प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा। प्राप्त प्रतिवेदनों का संकलन कर आयुक्त के सचिव को प्रत्येक सोमवार तक उपलब्ध कराया जायेगा, ताकि मंगलवार को आयोजित प्रमंडलीय स्तरीय बैठक का समुचित एवं समयबद्ध समीक्षा की जा सके।

उक्त बैठक हेतु समेकित प्रतिवेदन तैयार करने के लिए निम्नलिखित समिति का गठन किया जाता है :-

1. श्री संदीप कुमार - प्रशाखा पदाधिकारी
2. श्री दीनानाथ मंडल - प्रशाखा पदाधिकारी
3. श्री रवि कुमार चौधरी - निम्नवर्गीय लिपिक
4. श्री आलोक कुमार - प्रोग्रामर (राजस्व पर्षद)
5. श्री कौशल कुमार - कार्यपालक सहायक

उपरोक्त समिति को निदेशित किया जाता है कि सभी प्राप्त प्रतिवेदनों का संकलन कर प्रत्येक शनिवार तक समेकित प्रतिवेदन तैयार कर श्री संदीप कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी के माध्यम से आयुक्त के सचिव को उपस्थापित करेंगे। जिससे अधोहस्ताक्षरी द्वारा मंगलवार को आयोजित प्रमंडलीय स्तरीय समीक्षा बैठक का प्रभावी संचालन किया जा सके।

उक्त निदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

ह0/-

**आयुक्त**

पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।

ज्ञापांक 1236 पूर्णिया, दिनांक 28/02/2026

प्रतिलिपि :- आयुक्त के सचिव, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- प्रमंडल स्तरीय सभी पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- सभी संबंधित प्रशाखा पदाधिकारी/सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/कर्मी, आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- आई0टी0 सहायक, आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु निदेशित किया जाता है कि ई-मेल के माध्यम से प्राप्त उक्त बैठक संबंधी प्रतिवेदन उक्त समिति को ससमय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

प्रतिलिपि :- आयुक्त के निजी सहायक, आयुक्त कार्यालय, पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

28/2/2026.

**आयुक्त**

पूर्णिया प्रमंडल, पूर्णिया।